## चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 22.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 22.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनाँक 22.08.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स चित्रकूट में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया । पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में उपस्थित सभी टोलियों/रिक्रूट आरक्षियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ,तत्पर और अनुशासन बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए, स्वास्थ्य के लाभ के लिए परेड की दौड़ करायी गयी, परेड निरीक्षण के दौरान अधि0/कर्मचारीगण का टर्न आउट चेक किया गया तथा परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी गयी एवं सुधार हेतु प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया गया तथा परेड में शामिल अधिकारी/कर्मचारीगण को अनुशासन, एकरूपता और कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में बताया गया। परेड ग्राउंड में आर्मोरर द्वारा शस्त्रों का खोलने जोड़ने व हैन्डलिंग की जानकारी दी गयी।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार/दो पहिया वाहनों, 112 पीआरवी (पुलिस रिस्पांस व्हीकल) वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों/थानों के वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा डायल 112 कार्यालय,आवास परिसर, आरटीसी बैरिक , सीपीसी कैंटीन,मंदिर,भोजनालय, आर्मरी का निरीक्षण किया तथा साफ सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया। क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली गयी साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया गया ।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविंद कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक राम शीष यादव,पीआरओ श्री प्रदीप पाल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**(4).** आज दिनांक 22.08.2025 को क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम एवं मौजूद पुलिस टीम द्वारा मंदाकिनी नदी में रैंप के समीप स्नान करते समय एक बालक रैप से पैर फिसलने के कारण अनियंत्रित होकर पानी में गिर गया, जिससे पानी में डूबने लगा। तत्काल क्षेत्राधिकारी राजापुर,एसडीआरएफ टीम एवं मौजूद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालक को बचाया तथा घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान हेतु बताया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 21.08.2025 से 25.08.2025 तक चल रहे भाद्रपद मास अमावस्या मेला में आज दिनांक 22.08.2025 को श्रद्धालु नमो मिश्रा पुत्र संतोष कुमार मिश्रा निवासी बालकुंज थाना कोखराज जनपद कौशाम्बी स्नान करने रामघाट पर आये थे जो घाट पर नहाते समय रैंप के समिप पैर फिसलने के कारण अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूबने लगे ड्यूटी पर उपस्थित जोनल पुलिस अधिकारी क्षेत्राधिकारी राजापुर,एसडीआरएफ टीम एवं मौजूद पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालक को बचाया

श्रद्धालुओं ने चित्रकूट पुलिस की तत्परता के लिए धन्यवाद कहा।

**(5).** पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस. द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में भाद्रपद अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत मेला क्षेत्र रामघाट,निर्मोही अखाड़ा,परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। महोदय द्वारा ड्यूटी में लगे समस्त जोनल मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट/पुलिस बल की ड्यूटी को चेक किया गया तथा मुस्तैद होकर ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं के साथ विन्रम व्यवहार करने हेतु बताया गया। घाटों पर लगे एसडीआरएफ टीम एवं समस्त पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि कोई भी श्रद्धालु गहने पानी में स्नान न करें। ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

भ्रमण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह,क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविन्द्र वर्मा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहें।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में भाद्रपद अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत मेला क्षेत्र रामघाट,निर्मोही अखाड़ा,परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा मेला में तैनात पुलिस बल की ड्यूटी चेक की गई तथा मुस्तैदी पूर्वक ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं के साथ विन्रम व्यवहार करने हेतु बताया गया। घाटों पर लगे एसडीआरएफ टीम एवं समस्त पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि कोई भी श्रद्धालु को गहने पानी में स्नान न करने दिया जाये। परिक्रमा मार्ग में लगे अतिक्रमण को हटवाया गया तथा लोगों से अपील किया गया कि अपना अपना दुकान रोड पर न लगाये।